
RESPONSIBLE® NETISM

# डिजिटल पेरेंटिंग' के लिए सुरक्षा युक्तियाँ





पॅन इंडिया

**साइबर वेलनेस हेल्पलाइन**

**७३५३१०७३५३**

info@responsiblenetism.org

www.responsiblenetism.org

## पेरेंटिंग टिप्स

### एक जिम्मेदार डिजिटल अभिभावक बनने के लिए बड़ों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा युक्तियाँ:

- अपने बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित करने के लिए पहले साइबर क्राइम के बारे में खुद को शिक्षित करें
- इंटरनेट के लाभ, नुकसान और ख़तरे तथा इसके उपयोग के बारे में समझें और बच्चों से संवाद करें
- अपने बच्चों के साथ उनकी ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में खुलकर बात करें
- 13 साल से कम उम्र के बच्चों को अपना सुरक्षित डिवाइस ही दे और उस पर निगरानी रखे
- मोबाईल जैसी उपकरणों को सार्वजनिक कमरों में रखें, चौकस रहें और निरीक्षण करें
- उनकी उम्र और समझ के स्तर के अनुसार गैजेट्स, सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म का परिचय दें
- **www.esrb.org** और **www.pegi.info** पर ऑनलाइन गेम रेटिंग सत्यापित करें
- बच्चों को खेल-कूद, रणनीति/स्ट्रेटेजीक और खोज/क्वेस्ट खेलों से संबंधित गेम्स का परिचय दें
- अपने बच्चे के तकनीकी भागफल (Technical Quotient - TQ) को चैनलाइज़ करें, उन्हें स्क्रीन समय (Screentime) के विरुद्ध बाहरी खेल, पढ़ने और प्रकृति से संबंधित गतिविधियों में शामिल करके रचनात्मक विकल्प प्रदान करें
- बार-बार 'गैजेट ब्रेक' लें
- अपने बच्चों के लिए आप खुद एक सकारात्मक रोल मॉडल बनें
- बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन, और गैजेट अधीनता के संकेतों (Red Flags) की पहचान करें इन खतरों को जल्दी पहचाने और बाहरी मदद लें

**इंटरनेट सूचना, शिक्षा और विकास का एक बेहतरीन साधन है, इसका बुद्धिमानी से उपयोग करें|**

## मानसिक स्वास्थ्य

- फेक न्यूज और गलत जानकारी ना फैलाएं। वे अनावश्यक ध्यान आकर्षित करते हैं और बच्चों को उच्च जोखिम वाले व्यवहारों को ढूंढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं
- **आपके बच्चे को जिन परेशानिओं का सामना करना पड सकता है उन परेशानी के निम्नलिखित लक्षणों को पहचानें:**
  - सामाजिक संपर्क से हटना, किसी भी गतिविधि में रुचि का कम होना
  - अकेलापन, उदासी, चिड़चिड़ापन और बार-बार मूड बदलना, अत्यधिक क्रोध और हिंसा के विचार आदी
  - खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करना, शरीर पर निशान, खुद को बेकार महसूस करना, मृत्यु के विचार और सब कुछ छोड देना
  - खाने की आदतों और नींद के पैटर्न में उलट पुलट हो जाना
  - बच्चे ने आपसे फ़ोन या डिवाइस छुपाना
  - फोन, गैजेट्स और गेम्स पर अत्यधिक निर्भर रहना और इन चीजों से ध्यान हटाने में असमर्थ होना
- अपने बच्चे को किसी भी आपत्तिजनक या अनुचित सामग्री की ऑनलाइन रिपोर्ट करना सिखाएं
- अपने बच्चे को मजबूत होने और साइबर-बुलिंग के खिलाफ उनकी आवाज उठाने के लिए सशक्त बनाएं
- आपके बच्चे को भी मदद की आवश्यकता हो सकती है इस बात का प्रथम स्वीकार करें

## कानूनी जानकारी

| निम्नलिखित प्रकार के साइबरअपराध सूचना और प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत दंडनीय हैं: | | |
|---|---|---|
| | ◻ हैकिंग | ◻ फोटो मॉर्फिंग |
| | ◻ सायबर बुलिंग | ◻ सेक्सटॉर्शन |
| | ◻ साइबर स्टॉकिंग | ◻ रिवेंज पोर्न |
| | ◻ फेक प्रोफाइल | ◻ चाइल्ड ऑनलाइन ग्रुमिंग |
| | ◻ फेक न्यूज़ | ◻ साइबर आतंकवाद |

### महत्वपूर्ण सुझाव:

- ◻ **इंटरनेट पर अपमानजनक, मानहानिकारक टेक्स्ट, ईमेल, इमेज/वीडियो पोस्ट करना गैरकानूनी है। ये डिजिटल निशान (Digital Footprint) हमारे खिलाफ सबूत बनके रहेंगे**
- ◻ **इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री मुफ्त नहीं होती है। आईपीआर (IPR) और कॉपीराइट (Copyright) के परिणामों को समझें**

## स्क्रीन टाइम यूसेज

| आयु | स्क्रीन टाइम |
|---|---|
| 2 साल से कम | कोई स्क्रीन ना दिखाएं |
| 2 से 4 साल के बीच | दिन में सिर्फ २० मिनट |
| 4 - 6 वर्ष के बीच | दिन में सिर्फ ४० मिनट |
| 6 से 12 वर्ष के बीच | दिन में सिर्फ ६० मिनट |

### महत्वपूर्ण सुझाव :

- ◻ **पूरे परिवार के लिए स्क्रीन टाइम नियम निर्धारित करें**
- ◻ **स्क्रीन समय के बीच, हर 20 मिनट में ब्रेक लें**
- ◻ **शैक्षिक उद्देश्यों का स्क्रीन टाइम, मनोरंजन (TV सहित) के स्क्रीन टाइम को संतुलित करें**
- ◻ **अपने बच्चे द्वारा देखी जाने वाली ऑनलाइन सामग्री देखे और निरीक्षण करें**
- ◻ **माता-पिता को अपने बच्चे के ऑनलाइन गेम-प्ले पर नजर रखनी चाहिए**
- ◻ **अपने बच्चों से ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में नियमित रूप से बात करें और उचित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में उन्हे बताते रहें**

## तकनीकी सुझाव :

- बैंकिंग, खरीदारी, लॉटरी घोटाले, बीमा, लकी ड्रा, नौकरी के प्रस्ताव, कर्ज आदि से संबंधित कॉल, संदेश, ईमेल का कभी जवाब न दें
- अपना ओटीपी, पासवर्ड, पिन नंबर, पैन कार्ड, आधार कार्ड या खाता नंबर कभी किसी से शेअर न करें
- हर एक ऑनलाइन खाते के लिए अलग-अलग कठीन पासवर्ड का उपयोग करें और उन्हें नियमित रूप से बदलें
- अपने उपकरणों में लाइसेंस प्रमाणित, अपडेटेड एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर, फायरवॉल और पेरेंटल कंट्रोल टूल का उपयोग करें
- अज्ञात उपकरणों से या मुफ्त वाय-फाय से सोशल मीडिया खाता या बैंकिंग खाता एक्सेस ना करें
- अपने ऑनलाइन खातों को लॉगआउट करना याद रखें। उपयोग में न होने पर Wi-Fi, Bluetooth, और GPS को बंद रखें
- घर के Wi-Fi की रेंज निर्धारित करें और राऊटर को घर के बीचों-बीच रखें
- **www.esrb.org** और **www.pegi.info** पर गेम की रेटिंग, सामग्री और आयु उपयुक्तता की जांच करें
- हर एक ऍप तथा सोशल मीडिया प्रोफाइल के लिए गोपनीयता सेटिंग्स का पालन करें और अनजान एक्सेस पर प्रतिबंध लगाए
- असत्यापित लिंक्स, अज्ञात स्रोतों और टोरेंट से सामग्री डाउनलोड करने से बचें
- ऑनलाईन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करना, आपत्तिजनक सामग्री के बारे में और लोगों को ब्लॉक करना अपने बच्चे को सिखाएं
- अपने डिवाइस पर बच्चों के लिए एक अलग ही प्रोफ़ाइल सेट करें
- बच्चों के लिए Default Search और Video Browser के रूप में www.kiddle.com या YouTubeKids का उपयोग करें
- अपने डिवाइस पर उपलब्ध सभी ऐप अपडेटेड रखे, केवल उन्हीं ऐप को रखें जिनकी आपको आवश्यकता है

**राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन - १९३०**
**www.cybercrime.gov.in**

**रीस्पोन्सिबल नेटीज़म**

**साइबर वेलनेस हेल्पलाइन ७३५३ १० ७३५३**

info@responsiblenetism.org | www.responsiblenetism.org

**आपात स्थिति में स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक या स्कूल काउंसलर से संपर्क करें**